Dainik Jagran, Kolkata, September 04, 2010

डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर ने जीता आईटी विज का कोलकाता राउंड

नेशनल फाइनल्स में बेहतरीन 12 टीमों से होगा मुकाबला

जागरण ब्यूरो, कोलकाता : डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर इंग्लिश स्कूल ने 'टीसीएस आईटी विज' का कोलकाता राउंड जीतकर क्विज के नेशनल फाइनल्स में जगह बना ली है। शुक्रवार को कलामंदिर में आयोजित देश के इस सबसे बड़े इंटर स्कूल टेक क्विज में डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर के सायंतन भट्टाचार्य व देवार्घ बोस की जोड़ी ने जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के अविरल दासगुप्ता व एस एन आदित्यमूर्ति को ट्राई ब्रेकर में हराया। क्विज में 85 स्कूलों ने हिस्सा लिया जिनमें से छह टीमें फाइनल राउंड में पहुंची। अन्य टीमों में लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल, खालसा मार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डानबास्को पार्क सर्कस व दिल्ली पब्लिक स्कूल रुबी पार्क शामिल थीं। प्रतियोगिता का संचालन क्विजमास्टर पिकब्रेन ने किया। क्विज के तहत पांच राउंड थे जिनमें आईटी से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे गये। डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर व जमशेदपुर के बीच अंतिम समय तक कड़ा मुकाबला चलता रहा। ट्राई ब्रेकर से पहले दोनों टीमें 45-45 अंक पर थीं। ट्राई ब्रेकर में कई सवालों के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर की टीम एक अंक और प्राप्त कर विजयी हुई। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल 40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। राज्य के आईटी मंत्री डा. देबेश दास ने विजेताओं को पुरस्कृत किया जो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रव्यापी इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आठवीं से 12वीं कक्षा तक के दो लाख स्कूली बच्चों के भाग लेने का अनुमान है। क्षेत्रीय राउंड कोलकाता के अलावा चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद, बंगलोर, कोयम्बटूर, पुणे, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, दिल्ली व मुम्बई में हो रहे हैं जिसके बाद दिसम्बर में चेन्नई में नेशनल फाइनल्स होगा जिसमें क्षेत्रीय राउंड की 12 विजयी टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। टेक क्विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की तरफ से किया गया है।